भारत सरकार

संचार मंत्रालय

दूरसंचार विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं.6082

उत्तर देने की तारीख 01 अप्रैल, 2026

बीएसएनएल में परामर्शदाता फर्म

6082. डॉ. काकोली घोष दस्तीदारः

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने विगत पांच वर्षों के दौरान अपनी पुनरुद्धार रणनीति के लिए किसी परामर्शदाता फर्म को नियुक्त किया है;

(ख) यदि हां, तो फर्म-वार अनुबंध प्रदान करने की तिथि और अनुबंध मूल्य का ब्यौरा क्या है;

(ग) कार्य के दायरे, सेवा सुपुर्दगी और हासिल किए गए लक्ष्यों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या परामर्शदाताओं को आबद्ध करने से पहले हितों के टकराव की जांच की गई थी और अपनाए गए सुरक्षा उपाय क्या हैं; और

(ङ) क्या कोई विस्तार/परिवर्तन आदेश जारी किए गए थे और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और संशोधित लागत क्या है?

उत्तर

संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री

(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) से (ग) बीएसएनएल ने विभिन्न चैनलों में बेहतर उपभोक्ता अनुभव, अग्रणी उद्योग मानकों के अनुसार सेवा प्रदायगी और नेटवर्क उपलब्धता, नेटवर्क केंद्रित संगठन से बिक्री और उद्यम-व्यवसाय केंद्रित संगठन में परिवर्तन, लागत में कमी, प्रदर्शन प्रबंधन और उभरती प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाने को लेकर समग्र समाधान प्रदान करने हेतु परामर्श सेवाओं की आपूर्ति के लिए मेसर्स बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप को संविदा दिनांक 20.05.2024 को प्रदान की है।

(घ) परामर्शदाता ने स्व-प्रमाणित अनिवार्य हितों के टकराव की घोषणा प्रस्तुत की है। इसके अलावा, परामर्श करार में गोपनीय और गुप्त होने से संबंधित खंड शामिल हैं। परामर्शदाता ऐसी परिस्थितियों में किसी भी परिवर्तन को रिपोर्ट करने के लिए बाध्य है जिससे हितों के टकराव उत्पन्न हो सकते हैं।

(ङ) जी नहीं।

*****